Seventeenth Loksabha

an>

Title: Re. Stoppage of various trains at Tariasujan Railway Station in Uttar Pradesh.

डॉ. रमापति राम त्रिपाठी (देवरिया): सभापति महोदया, मैं सदन के माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध करना चाहूँगा कि मेरे लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र देवरिया उत्तर प्रदेश के अन्तर्गत आने वाली हमारी दो विधानसभाएं फाजिलनगर और तमकुहीराज कुशीनगर जिले में पड़ती हैं, जो बिहार के बार्डर पर स्थित है और जिसके एक तरफ गंडक नदी बहती है । लोग आजीविका और हवाई जहाज के लिए गोरखपुर आते-जाते है । यह बार्डर पर स्थित तरया सुजान रेलवे स्टेशन जहाँ पर ट्रेन संख्या 15080 जो गोरखपुर से पाटलीपुत्र ट्रेन है, वह गोरखपुर से पाटलीपुत्र जाते समय तरया सुजान रेलव स्टेशन पर रूकती है, पर पटना से वापसी आते समय पर नहीं रूकती । इस ट्रेन को पटना से वापसी पर भी रोका जाये । ट्रेन संख्या 15113 और 15114 गोमती नगर से चलकर छपरा तक जाती है, यह गाड़ी किसी तरफ से नही रूकती है तथा इस गाड़ी को जो गोमती नगर से छपरा कचहरी तक जाती है, को भी तरया सुजान रेलवे स्टेशन पर रोका जाय, जिससे कि यहाँ गोरखपुर के यात्रियों को एवं यहाँ के लोगों को आने-जाने की सुविधा हो सके । साथ ही मेरा आपसे आग्रह है कि जो सिवान से वाया थावे से होकर गोरखपुर होकर जो गाड़ी संख्या 75113 पहुँचती है, यह करोना काल से बंद है जिससे कि यहाँ के लोगों को काफी असुविधा हो रही है, इस गाड़ी को भी चालू किया जाए । अतः मैं सदन के माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से मांग करता हूँ कि उक्त ट्रेनों का ठहराव तरया सुजान रेलवे स्टेशन पर कराया जाए जिससे इसकी सुविधा गोरखपुर के लोगों को मिल सके ।

माननीय सभापति: श्री सुशील कुमार सिंह ।

… (व्यवधान)

माननीय सभापति: अभी नियम 377 चल रहा है**,** इसलिए आप बैठिए ।

… (व्यवधान)

माननीय सभापति: नियम 377 में आप लोग डिस्टर्ब नहीं करेंगे ।

… (व्यवधान)

14.05 hrs

At this stage, Shri P. R. Natarajan, K. Navaskani and some other hon. Members came and stood on the floor near the Table.

माननीय सभापति: श्री सुशील कुमार सिंह ।

… (व्यवधान)

माननीय सभापति: श्री सुरेश पुजारी ।

… (व्यवधान)